एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# इंस्टाग्राम फोटो में मूर्ति की तरह नजर आ रही हैं अनन्या पांडे

अनन्या पांडे अक्सर इंस्टाग्राम पर अपने फोटोज शेयर कर फैन्स को अपने अलग-अलग अंदाज से सरप्राइज देती रहती हैं। हालांकि, इस बार उन्होंने जो फोटो शेयर किया है वैसा अवतार उनके फैन्स ने पहले कभी नहीं देखा होगा। इंस्टाग्राम पर अनन्या ने जो फोटो शेयर किया है उसमें वह बेहद हटकर लेकिन खूबसूरत ड्रेस पहनी नजर आ रही हैं। उनका लुक किसी रोमन गॉडेस की तरह लग रहा है, जिसके साथ उनके एक्सप्रेशन भी परफेक्ट मैच कर रहे हैं। मार्बल आर्ट पीस पर खड़ी अनन्या के इस फोटो को एक झलक में देखा जाए तो लगेगा जैसे कोई मूर्ति खड़ी है। इस तस्वीर का इफेक्ट, टोन और उसके साथ अनन्या की ड्रेस ऐंड लुक उन्हें मॉर्बल की मूर्ति जैसा ही लुक दे रहे हैं। फैन्स भी उनकी इस तस्वीर को देख अनन्या की जमकर तारीफ की। उन्होंने इस अदाकारा के लिए स्टनिंग, गॉरजस, ब्यूटीफुल जैसे कॉमेंट्स किए हैं। अनन्या के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह जल्द ही फिल्म पति पत्नी और वो में नजर आएंगी। इसमें उनके साथ भूमि पेडनेकर और कार्तिक आर्यन नजर आएंगे। इस मूवी को 6 दिसंबर को रिलीज किया जाएगा।

# स्क्वॉड से पर्दे पर वापसी करती नजर आएंगी मालविका राज

कभी खुशी कभी गम में करीना कपूर के किरदार पूजा ने काफी लाइमलाइट बटोरी थी। यहां तक कि उनके किरदार के बचपन को पर्दे पर निभाने वाली चाइल्ड ऐक्ट्रेस मालविका राज को भी दर्शकों ने पसंद किया था। क्या आप जानते हैं कि अब यह छोटी अदाकारा कितनी गॉरजस दिखने लगी है? मालविका राज अब एक खूबसूरत लेडी बन चुकी हैं और सोशल मीडिया पर भी उनकी अच्छी खासी फॉलोइंग है। मालविका का कई फोटोज में ही ऐसा हॉट अवतार देखने को मिलता है जिसमें वह कभी खुशी कभी गम की पू यानी करीना कपूर पर भी भारी पड़ती दिखाई देती हैं। मालविका के इंस्टाग्राम पर वेस्टर्न से लेकर ट्रडिशनल लुक में उनकी तस्वीरें मौजूद हैं। इन सभी में वह काफी खूबसूरत नजर आती हैं। मालविका काफी समय से मॉडलिंग की दुनिया में ऐक्टिव हैं। वह कई मशहूर फैशन डिजाइनर्स के लिए भी मॉडलिंग कर चुकी हैं। वैसे मालविका अब एक बार फिर पर्दे पर वापसी करती नजर आएंगी। मालविका मशहूर ऐक्टर डैनी डेन्जोंगपा के बेटे रिनजिंग डेन्जोंगपा के साथ फिल्म स्क्वॉड में जोड़ी जमाती दिखेंगी। इमरान हाशमी की होम प्रॉडक्शन फिल्म कैप्टन नवाब में भी मालविका को कास्ट किया गया था, हालांकि मूवी की घोषणा साल 2017 में हुई थी और अब तक यह अधर में ही अटकी हुई है। वैसे आपको बता दें कि मालविका राज का फिल्म इंडस्ट्री से पुराना नाता है। वह मशहूर ऐक्टर जगदीश राज की नातिन हैं। अब देखना होगा कि पर्दे पर छोटी पूजा के रोल से दर्शकों का दिल जीतने वाली मालविका लीड ऐक्ट्रेस के रोल से कितना जादू चला सकेंगी।

# संवेदनशील पटकथा पसंद करती हैं रसिका दुग्गल

अभिनेत्री रसिका दुग्गल ने फिल्मों, डिजिटल और टीवी शोज में काम किया है. उनका कहना है कि उन्हें संवेदनशील स्क्रिप्ट अच्छी लगती हैं, जिन पर काम करना उन्हें पसंद है. रसिका ने हाल ही में मीडिया को बताया, मैं संवेदनशील पटकथा पसंद करती हूं, दिलचस्प और सम्मानजनक निर्देशक, सह-कलाकार, निर्माता जो किसी परियोजना की रचनात्मक जरूरतों को समझते हैं, उनके साथ काम करना पसंद करती हूं. एक खुशहाल यूनिट वह होती है, जहां हर कोई प्रोजेक्ट को बेहतरीन बनाने में सहयोग करता है. उनका आने वाला प्रोजेक्ट आउट ऑफ लव जो बेवफाई के बारे में है. रसिका की झोली में मिर्जापुर सीजन 2, लूटकेस और ए सूटेबल बॉय जैसे प्रोजेक्ट भी हैं. पिता और बेटी के रिश्ते के इर्द-गिर्द घूमती एक शॉर्ट फिल्म में अभिनेत्री रसिका दुग्गल जल्द ही मशहूर अभिनेता नसीरुद्दीन शाह के साथ काम करती नजर आएंगी. इस शॉर्ट फिल्म का निर्देशन कौशल ओजा करेंगे और यह इस साल के अंत तक रिलीज होगी.